मात भवानी अम्बे माँ,
मेरी नैया भवर में है आ,
तू संकट हर ले माँ,
मात भवानी अम्बे रानी।।

तर्ज ढफली वाले।

जब भी चला कोई लेके सफीना,
तूफा से वो लड़ता जाए,
नाम तेरा माँ रटते रटते,
भव सागर तर जाए,
जब डूबेगी नैया तू आ जाना मैया,
ये गहरा है सागर का पानी।
मात भवानी अम्बे मां,
मेरी नैया भवर में है आ,
तू संकट हर ले माँ,
मात भवानी अम्बे रानी।।

आए मुसीबत मुझ पर अगर माँ,
पलभर में वो लौट जाए,
तेरे चरणों में ये सर झुकाऊं,
जीवन सफल हो जाए,
मैं दिल से पुकारू माँ अर्ज गुजारु,
अब पार करो कल्याणी।
मात भवानी अम्बे मां,

मेरी नैया भवर में है आ,
तू संकट हर ले माँ,
मात भवानी अम्बे रानी।।

है ये तमन्ना ओ अम्बे मैया,
तेरा करम हो जाए,
शीतल हो जाए तन मन दोनों,
पावन ये घर हो जाए,
ये नजरे है प्यासी है विनती जरासी,
मेरे घर भी मैया तू आना।
मात भवानी अम्बे मां,
मेरी नैया भवर में है आ,
तू संकट हर ले माँ,
मात भवानी अम्बे रानी।।

मात भवानी अम्बे माँ,
मेरी नैया भवर में है आ,
तू संकट हर ले माँ,
मात भवानी अम्बे रानी।।

Singer Chetna

Source: https://www.bharattemples.com/maat-bhawani-ambe-maa/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw